Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ भूमि सीमा साझा नहीं करता है?

**Ans**
✗ 1. म्यांमार
✗ 2. भूटान
✗ 3. अफ़गानिस्तान
✓ 4. श्रीलंका

**Q.2** एक नाव को धारा की विपरीत दिशा में 27.9 km जाने में 39 मिनट लगते हैं। स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात 9 : 4 है। नाव को धारा की विपरीत दिशा में 18.9 km और धारा की दिशा में 51.3 km जाने में कुल कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans**
✗ 1. 4.3
✗ 2. 2.6
✓ 3. 0.9
✗ 4. 1.9

**Q.3** अप्रैल 2025 के पूर्वानुमान के अनुसार, 2025 के लिए IMF की अनुमानित US GDP वृद्धि दर कितनी है?

**Ans**
✗ 1. 2.5%
✓ 2. 1.8%
✗ 3. 3.7%
✗ 4. 3.4%

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 81 से विभाज्य है?

**Ans**
✗ 1. 5854
✗ 2. 5232
✗ 3. 4678
✓ 4. 5265

**Q.5** $\triangle ABC$ में, $DE \parallel AC$ है, जहाँ D और E क्रमशः भुजाओं AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि BD = 12 cm और AD = 11 cm है, तो $\triangle BDE$ के क्षेत्रफल और समलम्ब चतुर्भुज ADEC के क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 390 : 413
✗ 2. 623 : 199
✓ 3. 144 : 385
✗ 4. 385 : 144

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, कितनी धनराशि के साथ समुद्री विकास कोष स्थापित किया जाएगा?

**Ans**
1. ₹15,000 करोड़ ✗
2. ₹20,000 करोड़ ✗
3. ₹10,000 करोड़ ✗
4. ₹25,000 करोड़ ✓

**Q.7** यदि संख्या 4713562 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में अंतिम दो तथा पहले दो अंकों का योगफल क्या होगा?

**Ans**
1. 25 ✗
2. 29 ✗
3. 27 ✓
4. 23 ✗

**Q.8** संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/प्रतीक | 5 | $ | 7 | 2 | % | * | 3 | ^ | # | 9 | + |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | A | F | L | B | G | M | C | H | N | D | J |

शर्तें:

i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कूटों को आपस में बदल दिया जाता है।
ii) यदि पहला और अंतिम अवयव विषम संख्याएं हैं, तो पहले और अंतिम अवयव को @ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्गमूल हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।

5#64% के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
1. GKPNA ✗
2. AKPNG ✗
3. ANPKG ✗
4. GNPKA ✓

**Q.9** निम्नलिखित आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

19, 98, 77, 24, 99, 71, 70, 56, 80, 12, 88

**Ans**
1. 71 ✓
2. 71.5 ✗
3. 72 ✗
4. 70.5 ✗

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा, कर्नाटक शैली रचना का भाग नहीं है?

**Ans**
1. वरनाम ✗
2. रागमालिका ✗
3. चतुरंग ✓
4. पल्लवी ✗

**Q.11** SECC-2011 के अनुसार कितने प्रतिशत परिवार सबसे गरीब वर्ग में वर्गीकृत किए गए हैं?

**Ans**
1. 0.79% ✗
2. 1% ✗
3. 0.59% ✗
4. 0.89% ✓

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | सात मित्र, I, J, K, L, M, N और R, उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। M के दाईं ओर कोई भी नहीं बैठा है। M और R के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। R और L के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। K, I के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। J, I के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। N और L के बीच कितने लोग बैठे हैं? | |
| Ans | ✗ 1. एक<br>✓ 2. तीन<br>✗ 3. दो<br>✗ 4. चार | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | श्रीमान I बिंदु M से शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 1 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं, बाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं और बिंदु N पर रुकते हैं। बिंदु M पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।) | |
| Ans | ✓ 1. 1 km पश्चिम की ओर<br>✗ 2. 4 km उत्तर की ओर<br>✗ 3. 2 km दक्षिण की ओर<br>✗ 4. 4 km पूर्व की ओर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | भारत के शुरुआती आदिवासी विद्रोहों को भड़काने में 'दीकू' की क्या भूमिका थी? | |
| Ans | ✗ 1. उन्हें जंगलों का देवता माना जाता था।<br>✗ 2. वे आदिवासी विद्रोह को प्रोत्साहित करने वाले आदिवासी पुजारी थे।<br>✗ 3. वे आदिवासी क्षेत्रों में तैनात ब्रिटिश अधिकारी थे।<br>✓ 4. वे जमींदार, साहूकार और आदिवासी समुदाय का शोषण करने वाले अधिकारी जैसे बाहरी लोग थे। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | कल्पना और सुधा को एक ही परीक्षा में क्रमशः 621 और 522 अंक मिले। यदि कल्पना ने 69% अंक प्राप्त किए, तो सुधा द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत कितना है? | |
| Ans | ✗ 1. 60%<br>✗ 2. 55%<br>✗ 3. 59%<br>✓ 4. 58% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | हड़प्पा नगर नियोजन की एक अद्वितीय विशेषता क्या थी? | |
| Ans | ✗ 1. अनियमित आवासीय लेआउट<br>✗ 2. भूमिगत मंदिर<br>✗ 3. वृत्ताकार किले<br>✓ 4. ग्रिड पैटर्न वाली सड़कें | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.17 | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और हिंसा से दूर रहने के मौलिक कर्तव्य का उल्लेख है? | |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 51A (j)<br>✗ 2. अनुच्छेद 51A (h)<br>✓ 3. अनुच्छेद 51A (i)<br>✗ 4. अनुच्छेद 51A (k) | |

Adda247

Q.18 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/ प्रतीक | $ | % | & | * | 2 | 4 | 6 | @ | # | 3 | + | 8 | 9 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | T | U | P | S | D | F | J | K | Z | C | V | B | N | M |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण घन हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

3 9 8 *

Ans
1. CBBS ✗
2. CNNS ✗
3. CNBS ✓
4. SNBC ✗

Q.19 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 983 986 481 941 167 (दाएं)

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक से घटाने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

Ans
1. −3 ✗
2. −4 ✗
3. −5 ✓
4. −2 ✗

Q.20 विंडोज़ OS में कीबोर्ड शॉर्टकट Ctrl + F का क्या कार्य होता है?

Ans
1. यह टेक्स्ट में स्पेलिंग एरर को चेक करके उन्हें सही (correct) करता है। ✗
2. यह फ़ाइलों, वेबपेजों और एप्लिकेशन में टेक्स्ट या आइटम को लोकेट करने के लिए सर्च या फाइंड फीचर ओपन करता है। ✓
3. यह ईमेल संदेश को किसी अन्य प्राप्तकर्ता को फॉरवर्ड करता है। ✗
4. यह किसी डॉक्यूमेंट या एप्लिकेशन में कंटेंट को फ़ॉर्मेट करता है। ✗

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सी कंपनी 1600 में एक चार्टर के माध्यम से बनाई गई थी जिसने इसे 15 वर्षों के लिए केप ऑफ गुड होप (Cape of Good Hope) के पूर्व के क्षेत्र के साथ व्यापार करने का विशेष विशेषाधिकार दिया था?

Ans
1. स्पेनिश ईस्ट इंडिया कंपनी ✗
2. इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ✓
3. ऑस्ट्रियाई ईस्ट इंडिया कंपनी ✗
4. डेनिश ईस्ट इंडिया कंपनी ✗

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.22** सात व्यक्ति D, E, F, G, L, M और N उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। N के बाईं ओर केवल M बैठा है। M और L के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। G और D के बीच केवल F बैठा है और G, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ 1. D
- ✓ 2. E
- ✗ 3. G
- ✗ 4. N

**Q.23** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. XB – DK
- ✗ 2. RV – XE
- ✗ 3. NR – TA
- ✓ 4. DH – IQ

**Q.24** उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
**(19, 39, 44)**
**(13, 27, 32)**

**Ans**
- ✗ 1. (24, 45, 50)
- ✗ 2. (29, 49, 54)
- ✗ 3. (35, 61, 66)
- ✓ 4. (11, 23, 28)

**Q.25** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**1012 1010 1000 998 988 ? 976**

**Ans**
- ✓ 1. 986
- ✗ 2. 988
- ✗ 3. 985
- ✗ 4. 987

**Q.26** निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत की सबसे बड़ी लवणीय आर्द्रभूमि (saline wetland) है?

**Ans**
- ✗ 1. वुलर झील
- ✓ 2. सांभर झील
- ✗ 3. पुलिकट झील
- ✗ 4. चिल्का झील

**Q.27** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

**(बाएं) 7 & 9 ^ # 1 * 5 < 2 6 ≡ 4 △ 3 $ @ 8 (दाएं)**

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक अन्य संख्या है?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. एक
- ✓ 4. तीन से अधिक

Q.28 यदि 6 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 30 है, तो सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं के बीच का अंतर ज्ञात करें।

Ans
1. 16
2. 10 ✔
3. 15
4. 18

Q.29 B, C का पिता है। Q, C की बहन है। T, Q की इकलौती बहन है। T, S की संतान है। M, S के इकलौते पुत्र का पुत्र है।

S का B से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी ✔
2. पिता का भाई
3. पत्नी की माता
4. पिता की बहन

Q.30 जनवरी 2025 में, विंग कमांडर अक्षय सक्सेना को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में किए गए समुद्री डकैती विरोधी अभियानों में उनकी भूमिका के लिए वायु सेना पदक प्रदान किया गया?

Ans
1. अरब सागर ✔
2. थाईलैंड की खाड़ी
3. अंडमान सागर
4. बंगाल की खाड़ी

Q.31 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : UEQ :: QAM : %

Ans
1. # = CMY, % = IUE
2. # = CMY, % = ISO
3. # = CMY, % = ISE ✔
4. # = FMY, % = ISE

Q.32 निम्नलिखित समीकरण में दोनों प्रश्न-चिह्नों को किस धनात्मक संख्या द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

$$\frac{?}{56} = \frac{504}{?}$$

Ans
1. 174
2. 168 ✔
3. 184
4. 183

Q.33 कंप्यूटर सिस्टम के संदर्भ में, CPU का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
1. Computer Processing Utility (कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूटिलिटी)
2. Central Programming Unit (सेंट्रल प्रोग्रामिंग यूनिट)
3. Central Processing Unit (सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट) ✔
4. Control Processing Unit (कंट्रोल प्रोसेसिंग यूनिट)

Q.34 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

YRU WPS UNQ SLO ?

Ans
✗ 1. QIN
✗ 2. QIM
✗ 3. QJN
✓ 4. QJM

Q.35 एक चतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे के लंबवत समद्विभाजक हैं। यदि एक विकर्ण की लंबाई 3 cm है और चतुर्भुज का क्षेत्रफल 180 $cm^2$ है, तो दूसरे विकर्ण की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 112
✗ 2. 115
✗ 3. 128
✓ 4. 120

Q.36 महेश ने बैंक से ₹3,100 निकाले। उसे ₹50 और ₹100 मूल्यवर्ग के कुल 34 नोट मिले। उसे मिले ₹50 के नोटों की संख्या कितनी थी?

Ans
✗ 1. 16
✓ 2. 6
✗ 3. 4
✗ 4. 13

Q.37 हरित क्रांति की शुरुआत खाद्यान्न की कमी से निपटने के लिए की गई थी। हरित क्रांति का प्रारंभिक फोकस किन क्षेत्र पर था?

Ans
✗ 1. ओडिशा और असम
✗ 2. तमिलनाडु
✓ 3. पंजाब और हरियाणा
✗ 4. बिहार

Q.38 फरवरी 2025 में, भारत सरकार ने आयात निर्भरता को कम करने के लिए किस कृषि वस्तु के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु छह वर्षीय कार्यक्रम की घोषणा की?

Ans
✗ 1. चावल
✗ 2. गेहूं
✗ 3. चीनी
✓ 4. दालें

Q.39 यदि संख्या 1865374 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा अंक इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरा होगा?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 3
✗ 3. 7
✓ 4. 5

Q.40 यदि संख्या 1862547 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में उच्चतम और निम्नतम अंकों के बीच कितना अंतर होगा?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 9
✓ 3. 8
✗ 4. 7

Adda247

**Q.41** A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। D विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन 5 पर नहीं। D और A जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 5 है। A और F के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। B, E के ठीक ऊपर रहता है। B के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ 1. 2
- ✓ 2. 1
- ✗ 3. 4
- ✗ 4. 3

**Q.42** दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।
ENU FLS GJQ ? IFM

Ans
- ✗ 1. HOP
- ✗ 2. HIO
- ✗ 3. HIP
- ✓ 4. HHO

**Q.43** 10 प्रेक्षणों का औसत 40 है। बाद में पता चला कि एक प्रेक्षण को 43 के स्थान पर गलती से 32 पढ़ लिया गया था। सही औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 41.1
- ✗ 2. 40.1
- ✗ 3. 44.1
- ✗ 4. 42.1

**Q.44** विनोद अपनी कक्षा में ऊपर से 36वें स्थान पर तथा नीचे से 18वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने छात्र हैं?

Ans
- ✗ 1. 51
- ✓ 2. 53
- ✗ 3. 52
- ✗ 4. 54

**Q.45** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दी गई दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MWC : JYA
KUR : HWP

Ans
- ✓ 1. JVP : GXN
- ✗ 2. SLV : QPS
- ✗ 3. PAY : MGT
- ✗ 4. WTH : PUR

**Q.46** भारत का कुल अक्षांशीय विस्तार लगभग कितना है?

Ans
- ✗ 1. 40°
- ✓ 2. 30°
- ✗ 3. 35°
- ✗ 4. 25°

**Q.47** A और B किसी काम को 15 दिन में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस काम को 17 दिन में पूरा कर सकता है, तो B अकेले उसी काम का दो-तिहाई भाग कितने दिन में पूरा कर सकता है?

Ans
- ✓ 1. 85
- ✗ 2. 170
- ✗ 3. 255
- ✗ 4. 340

Adda247

**Q.48** राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड, जिसकी स्थापना 2025 में की गई है, का मुख्यालय कहां स्थित है?

**Ans**
- ✗ 1. गुंटूर
- ✓ 2. निजामाबाद
- ✗ 3. कोच्चि
- ✗ 4. कोलकाता

**Q.49** भारत में केंद्रीय मंत्रिपरिषद, मुख्य कार्यकारी अंग के रूप में, निम्नलिखित में से क्या कार्यान्वित करती है?

**Ans**
- ✗ 1. सचिव की भूमिका का उन्मूलन
- ✗ 2. मंत्रीगण सभी कार्य संचालन सिविल सेवकों पर छोड़ देते हैं
- ✓ 3. प्रत्येक मंत्री अपने मंत्रालय का राजनीतिक प्रमुख होता है
- ✗ 4. स्थानीय निकायों में सत्ता का केंद्रीकरण

**Q.50** एक निश्चित कूट भाषा में, 'FIGS' को '3648' और 'ICED' को '1285' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 1
- ✗ 2. 6
- ✓ 3. 8
- ✗ 4. 5

**Q.51** विभाजन विधि द्वारा दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) ज्ञात करने पर, भागफल क्रमशः 4, 5 और 9 प्राप्त होते हैं तथा अंतिम भाजक 18 है। दोनों संख्याओं का ल.स.प.(LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 159804
- ✗ 2. 159803
- ✗ 3. 159807
- ✗ 4. 159806

**Q.52** निम्नलिखित में से कौन-सी इनपुट डिवाइस मुख्य रूप से भौतिक, वास्तविक दुनिया की गतिविधियों को डिजिटल संकेतों में परिवर्तित करती है, जिन्हें कंप्यूटर सिस्टम द्वारा ग्राफिकल वातावरण में नेविगेशन और ऑब्जेक्ट हेरफेर जैसे कार्यों के लिए इंटरप्रेट (interprete) किया जा सकता है?

**Ans**
- ✓ 1. माउस (Mouse)
- ✗ 2. माइक्रोफ़ोन (Microphone)
- ✗ 3. स्कैनर (Scanner)
- ✗ 4. कीबोर्ड (Keyboard)

**Q.53** पांच ठोस घन, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 1,09,41,048 $cm^3$ है, के सिरों को जोड़कर एक घनाभ बनाया गया है। घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 5,91,312
- ✓ 2. 5,91,408
- ✗ 3. 5,91,663
- ✗ 4. 5,91,310

**Q.54** एमएस वर्ड डॉक्यूमेंट में केवल 'पेज ब्रेक्स (Page Breaks)' का उपयोग करने की तुलना में 'सेक्शन ब्रेक्स (Section Breaks)' का उपयोग करने का प्राथमिक लाभ क्या है?

**Ans**
- ✓ 1. सेक्शन ब्रेक एक ही डॉक्यूमेंट में अलग-अलग पेज नंबरिंग स्कीम, हेडर और फुटर की सुविधा देते हैं, जबकि पेज ब्रेक केवल कंटेंट को अगले पेज पर ले जाते हैं।
- ✗ 2. सेक्शन ब्रेक द्वारा स्वचालित रूप से प्रत्येक सेक्शन में हेडिंग के आधार पर कंटेंट की एक टेबल बनाई जाती है। यह फीचर मानक पेज ब्रेक के साथ उपलब्ध नहीं है।
- ✗ 3. सेक्शन ब्रेक का उपयोग मुख्य रूप से डॉक्यूमेंट को अलग-अलग पेपर साइज़ पर प्रिंट करने के लिए ऑप्टीमाइज़ करने हेतु किया जाता है, जो पेज ब्रेक के साथ करना संभव नहीं है।
- ✗ 4. सेक्शन ब्रेक द्वारा विशेषतः कई फ़ॉर्मेटिंग परिवर्तनों वाले लंबे डॉक्यूमेंट में, डॉक्यूमेंट के फ़ाइल साइज़ और कार्यप्रदर्शन को बेहतर बनाया जाता है।

Q.55 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
PNQ : QQO
UQR : VTP

Ans
1. VHQ : WKN
2. OHM : PKK ✔
3. QSX : RUV
4. UCT : VFS

Q.56 दो संख्याओं x और y का गुणनफल 45 है तथा उनका योगफल 14 है। उनके घनों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 586
2. 854 ✔
3. 675
4. 759

Q.57 यदि आंकड़ों का माध्य 42 है और माध्यिका 53 है, तो आंकड़ों का बहुलक (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 100
2. 75 ✔
3. 169
4. 24

Q.58 यदि a : b :: b : c ; c = 4a तथा b = 18 है, तो c का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 36 ✔
2. 38
3. 34
4. 31

Q.59 धोलावीरा निम्नलिखित में से किस लिए अद्वितीय है?

Ans
1. रॉक-कट वास्तुकला
2. ताड़ के पत्तों के उपयोग
3. लिपिबद्ध मुहरें
4. जल संरक्षण प्रणालियाँ ✔

Q.60 ISRO ने 2025 में सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का हॉट टेस्ट (hot test) कहाँ किया था?

Ans
1. सतीश धवन स्पेस सेंटर, श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश
2. इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स, महेंद्रगिरि, तमिलनाडु ✔
3. विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, तिरुवनंतपुरम, केरल
4. लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर, महेंद्रगिरि, तमिलनाडु

Q.61 आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार, दिसंबर 2024 के अंत तक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का मूल्य क्या है?

Ans
1. $640.3 बिलियन ✔
2. $330.3 बिलियन
3. $440.8 बिलियन
4. $520.5 बिलियन

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.62 एक बैग में 50 पैसे, 25 पैसे और 10 पैसे वाले सिक्के 16 : 8 : 20 के अनुपात में हैं, जिनकी कीमत ₹384 है। 10 पैसे वाले सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 640
✘ 2. 660
✘ 3. 668
✘ 4. 696

Q.63 आधुनिक आवर्त सारणी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
✘ 1. वर्ग, ऊर्ध्वाधर स्तंभ होते हैं, और आवर्त, क्षैतिज पंक्तियाँ होती हैं।
✘ 2. दूसरे और तीसरे आवर्त में 8-8 तत्व होते हैं।
✔ 3. पहले आवर्त में 8 तत्व होते हैं।
✘ 4. लैंथेनॉइड्स और एक्टिनॉइड्स को सबसे नीचे अलग-अलग पैनल में रखा गया है।

Q.64 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 951 474 717 497 127 (दाएं)

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटाने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. −2
✘ 2. −4
✘ 3. −3
✘ 4. −1

Q.65 किस देश ने नवंबर 2024 में, H5 बर्ड फ्लू का पहला संभावित मानव मामला रिपोर्ट किया?

Ans
✘ 1. ऑस्ट्रेलिया
✔ 2. कनाडा
✘ 3. यूनाइटेड किंगडम
✘ 4. संयुक्त राज्य अमेरिका

Q.66 किस निकाय ने 16 जनवरी 2025 को प्रकाशित 'विशेषज्ञ चिंतित हैं क्योंकि 15 जनवरी तक 350 कछुए तट पर मृत थे' शीर्षक वाली खबर का स्वतः संज्ञान लिया?

Ans
✘ 1. ओडिशा उच्च न्यायालय
✔ 2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण
✘ 3. तमिलनाडु उच्च न्यायालय
✘ 4. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय

Q.67 एक व्यक्ति ने एक वस्तु को 57% लाभ पर बेचा। यदि उसने इसे ₹238 अधिक में बेचा होता, तो उसे 82% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
✘ 1. 949
✘ 2. 955
✘ 3. 950
✔ 4. 952

Q.68 निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत दर्रा, पीर पंजाल पर्वत श्रेणी में स्थित है?

Ans
✘ 1. नाथू ला
✔ 2. बनिहाल दर्रा
✘ 3. जोजि ला
✘ 4. शिपकी ला

**Q.69 सर्वोच्च न्यायालय के रिट क्षेत्राधिकार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans
1. इसका विस्तार मौलिक अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों, दोनों तक है।
2. यह अनन्य है और इसका उपयोग उच्च न्यायालयों द्वारा नहीं किया जा सकता है।
3. यह न्यायालय को केवल केंद्र सरकार के विरुद्ध रिट जारी करने की अनुमति देता है।
4. इसका उपयोग केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए किया जा सकता है। ✔

**Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा, DNA को सबसे प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला आनुवंशिक पदार्थ बनाता है?**

Ans
1. इसकी उच्च उत्परिवर्तन दर
2. इसकी स्थिर द्वि-कुंडलिनी संरचना ✔
3. प्रोटीन के साथ इसकी अन्योन्य क्रिया
4. इसकी एन्जाइमी भूमिकाएँ

**Q.71 1905 में प्रकाशित सरोजिनी नायडू के पहले कविता संग्रह का शीर्षक क्या था?**

Ans
1. उर्वशी (Urvasie)
2. द गोल्डन थ्रेशोल्ड (The Golden Threshold) ✔
3. सॉन्गस ऑफ द डॉन (Songs of the Dawn)
4. द कैप्टिव लेडी (The Captive Lady)

**Q.72 यदि $a + b = 24$ और $(a - b)^2 = 268$ है, तो a और b के गुणनफल का मान ज्ञात कीजिए।**

Ans
1. 77 ✔
2. 110
3. 140
4. 68

**Q.73 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में, भारत में निर्वाचन आयोग की स्थापना के संबंध में उल्लेख किया गया है?**

Ans
1. अनुच्छेद 326
2. अनुच्छेद 324 ✔
3. अनुच्छेद 325
4. अनुच्छेद 327

**Q.74 किसी मकान की वर्तमान लागत ₹1,23,016 है। एक वर्ष बाद, इसकी लागत बढ़कर ₹1,40,203 हो जाएगी। मकान की लागत प्रतिशत वृद्धि (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।**

Ans
1. 17%
2. 8%
3. 14% ✔
4. 10%

**Q.75 ______ को 2024-25 सत्र के लिए रणजी ट्रॉफी चैंपियन का ताज दिया गया।**

Ans
1. विदर्भ ✔
2. मुंबई
3. तमिलनाडु
4. केरल

**Q.76 यदि ₹6,70,000 की धनराशि को अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 2% वार्षिक ब्याज दर से एक वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, तो प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।**

Ans
1. ₹11,545
2. ₹13,467 ✔
3. ₹13,630
4. ₹12,805

Adda247

**Q.77** श्री KLM बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 21 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 7 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 26 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 11 km ड्राइव करते हैं। वे अंतिम बार बाएं मुड़ते हैं, 5 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A तक पुन: पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाये सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं )

Ans
- ✔ 1. 4 km पूर्व की ओर
- ✘ 2. 3 km पश्चिम की ओर
- ✘ 3. 5 km पश्चिम की ओर
- ✘ 4. 7 km पूर्व की ओर

**Q.78** एक इलेक्ट्रिक पंप एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है। टैंक में रिसाव के कारण, टैंक को भरने में $7\frac{1}{2}$ घंटे लगते हैं। यदि इस अवधि के दौरान किसी अन्य बिंदु से पानी टैंक में न तो आता है और न ही बाहर जाता है, तो इस रिसाव से पूरा टैंक कितने समय में खाली हो जाएगा?

Ans
- ✘ 1. 39 घंटे
- ✘ 2. 44 घंटे
- ✔ 3. 30 घंटे
- ✘ 4. 33 घंटे

**Q.79** ₹3,000 की राशि पर 6% वार्षिक ब्याज दर से 9 फरवरी 2024 से 10 अप्रैल 2024 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में, निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 28
- ✘ 2. 29
- ✔ 3. 30
- ✘ 4. 31

**Q.80** मार्च 2025 में, भारतीय समुद्री बलों द्वारा किए गए MEDEVAC अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1. भारतीय नौसेना ने गोवा के पश्चिम में स्थित MV हीलन स्टार से घायल चालक दल के सदस्यों को निकाला।
2. INS विक्रांत के एक 'सी किंग हेलीकॉप्टर' ने दो चीनी और एक इंडोनेशियाई नागरिक सहित तीन घायल चालक दल के सदस्यों को एयरलिफ्ट किया।
3. इस अभियान का समन्वयन भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
4. बचाए गए चालक दल के सदस्यों को गोवा स्थित आईएनएस हंसा पर ले जाया गया, जहां से उन्हें आगे सिविल अस्पताल ले जाया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

Ans
- ✘ 1. केवल 2 और 4
- ✘ 2. केवल 1, 2 और 3
- ✔ 3. केवल 1, 2 और 4
- ✘ 4. केवल 1 और 3

**Q.81** सात बॉक्स D, E, F, G, S, T और U एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। E और D के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। E के ऊपर केवल F रखा गया है। T और U के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G को S के ठीक ऊपर रखा गया है। U को G के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। कौन-सा बॉक्स ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✔ 1. G
- ✘ 2. F
- ✘ 3. D
- ✘ 4. T

Q.82 गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता देने का प्रावधान, भारतीय संविधान के राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में किस वर्ष जोड़ा गया था?

Ans
1. 2011
2. 1976
3. 2002
4. 1978

Q.83 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पर्दे, स्क्रीन हैं।
सभी पर्दे, ब्लाइंडर हैं।
कुछ ब्लाइंडर, ड्रेप हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ ड्रेप, पर्दे हैं।
(II) कुछ ब्लाइंडर, स्क्रीन हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. KEBW
2. FZWR
3. WQNJ
4. QKHC

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा ऑपरेटिंग सिस्टम अपने प्री-इंस्टॉल्ड पेनेट्रेशन टेस्टिंग टूल (pre-installed penetration testing tool) के कारण लैपटॉप और डेस्कटॉप पर एथिकल हैकिंग (ethical hacking) और साइबर सुरक्षा कार्यों के लिए सबसे उपयुक्त है?

Ans
1. मैकओएस वेंचुरा (macOS Ventura)
2. उबंटू एलटीएस (Ubuntu LTS)
3. काली लिनक्स (Kali Linux)
4. विंडोज 10 (Windows 10)

Q.86 81 × 112 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9072
2. 9082
3. 9172
4. 9062

Q.87 28%, 20% और 10% की क्रमिक छूट किस एकल छूट के बराबर है?

Ans
1. 48.16%
2. 50.59%
3. 46.69%
4. 46.1%

Q.88 यदि $\sqrt{3}\tan A = 3 \sin A$ है, तो $(2\sqrt{3}\operatorname{cosec}A \times \tan A)$ का मान ज्ञात करें।

Ans
1. 2
2. $\sqrt{3}$
3. 6 ✔
4. $2\sqrt{3}$

Q.89 यदि संख्या 9368547 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायें से तीसरे तथा दायें से तीसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
1. 14
2. 8
3. 10 ✔
4. 12

Q.90 मैकमोहन रेखा भारत को किस देश से अलग करती है?

Ans
1. पाकिस्तान
2. भूटान
3. नेपाल
4. चीन ✔

Q.91 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?
# : DZT :: QMG : %

Ans
1. # = YUO, % = VRL ✔
2. # = YPG, % = KUL
3. # = ZTY, % = VMH
4. # = OYV, % = PYT

Q.92 एक महिला ने 80 min के लिए 20 m/min की चाल से और 64 min के लिए 65 m/min की चाल से यात्रा की। उसकी औसत चाल (m/min में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 44
2. 40 ✔
3. 33
4. 46

Q.93 एक आयत की छोटी भुजा, लंबी भुजा से 21 cm कम है। इसके क्षेत्रफल का संख्यात्मक मान इसके परिमाप के संख्यात्मक मान के 5 गुने के बराबर है। इसकी लंबी भुजा की लंबाई (cm में) कितनी है?

Ans
1. 47
2. 38
3. 35 ✔
4. 32

Q.94 $x^{-4} - 10x^{-2} + 9 = 0$ के मूल ज्ञात करें।

Ans
1. $\pm 1, \ \pm \frac{1}{4}$
2. $\pm 1, \ \pm \frac{1}{5}$
3. $\pm 1, \ \pm \frac{2}{3}$
4. $\pm 1, \ \pm \frac{1}{3}$ ✔

Adda247

**Q.95** दक्षिण भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (SIIMA) 2024 में, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार (क्रिटिक्स) किसे प्रदान किया गया?

**Ans**
1. श्रद्धा कपूर ✗
2. आलिया भट्ट ✗
3. ऐश्वर्या राय बच्चन ✓
4. दीपिका पादुकोण ✗

**Q.96** निम्नलिखित में से कौन-सा जनजातीय विद्रोह 20वीं शताब्दी में नहीं हुआ था?

**Ans**
1. कुकी विद्रोह ✗
2. नागा विद्रोह ✗
3. बस्तर विद्रोह ✗
4. लुशाई विद्रोह ✓

**Q.97** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

8 13 20 29 40 ?

**Ans**
1. 61 ✗
2. 65 ✗
3. 53 ✓
4. 57 ✗

**Q.98** 1929 में पेनिसिलियम कवक के जीवाणुरोधी गुणों की खोज किसने की थी?

**Ans**
1. अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (Alexander Fleming) ✓
2. एंटोनी वैन लीउवेनहॉक (Antonie van Leeuwenhoek) ✗
3. मैरी क्यूरी (Marie Curie) ✗
4. पॉल एर्लिच (Paul Ehrlich) ✗

**Q.99** ग्लोबल रिस्क परसेप्शन सर्वे (GRPS) 2025 के अनुसार, कितने प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अगले 2 वर्षों में अशांति की संभावना है?

**Ans**
1. 41% ✗
2. 52% ✓
3. 55% ✗
4. 45% ✗

**Q.100** 20 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 6 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि अथवा लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. $\frac{50}{7}\%$ हानि ✗
2. $70\%$ लाभ ✗
3. $70\%$ हानि ✓
4. $\frac{50}{7}\%$ लाभ ✗

Adda247